भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 281**

जिसका उत्तर 3 फरवरी, 2021 को दिया जाना है।

14 माघ, 1942 (शक)

**भारतीय राष्ट्रीय इंटरनेट एक्सचेंज**

**281.** **श्री टी.आर.वी.एस. रमेश** :
**श्री कुरुवा गोरांतला माधव** :
**श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर** :
**श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी** :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय राष्ट्रीय इंटरनेट एक्सचेंज (निक्सी) ने घोषणा की है कि रजिस्ट्रेंट द्वारा बुक प्रत्येक आईएन डोमेन के साथ किसी भी पसंदीदा 22 आधिकारिक भारतीय भाषा में एक नि:शुल्क आईडीएन (अंतर्राष्ट्रीय डोमेन नेम) प्रदान करेगा;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आवेदक को भी स्थानीय भाषा में एक नि:शुल्क ई-मेल मिलेगा; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)**

**(क) और (ख):** यह निक्सी द्वारा संचालित एक प्रचार संबंधी ऑफ़र है जो 31 मार्च 2021 तक वैध है। .आईएन डोमेन खरीदने वाले किसी भी रजिस्ट्रांट को 1 वर्ष के लिए नि:शुल्क रूप से पसंदीदा 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं में किसी भी एक आईडीएन डोमेन (.भारत) दिया जाएगा।

**(ग) और (घ):** जी, हां। पसंदीदा 22 आधिकारिक भारतीय भाषाओं में किसी भी एक में प्रत्येक आईडीएन डोमेन (.भारत) के साथ निक्सी, 1 जीबी डेटा स्टोरेज के साथ पसंदीदा स्थानीय भाषा में मुफ़्त ई-मेल दे रहा है। यह ई-मेल .भारत डोमेन की वैधता तक नि:शुल्क ही सक्रिय रहेगा।

*******